# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 अगस्त 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सहारनपुर में तीन सौ इक्यासी करोड़ रूपये की लागत वाली पन्द्रह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक जनसभा को भी सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने सहारनपुर क्षेत्र की उपेक्षा को समाप्त कर विकास और विरासत के संरक्षण का नया अध्याय शुरू किया है। सहारनपुर दौरे पर मुख्यमंत्री ने सहारनपुर मण्डल के तीन जिलों–मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और शामली के जनप्रतिनिधियों के साथ एक विशेष समीक्षा बैठक भी की।

**********

लगातार हो रही बारिश के चलते नदियों के उफान पर आने से प्रदेश के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर, भदोही और चंदौली सहित प्रदेश के कई जिलों के सैकड़ों गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बारिश के चलते प्रयागराज में कक्षा एक से बारह तक के सभी विद्यालय कल से सात अगस्त तक के लिये बन्द कर दिये गये हैं। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित इलाकों में मंत्रीगण दौरा कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***राज्य के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों को प्रभावित इलाकों में बचाव और राहत कार्यों की मॉनिटरिंग के लिये लगाया है। इसी क्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और आशीष पटेल आज मिर्जापुर के कोन विकास खण्ड में स्थापित बाढ़ राहत शिविर पहुंचे। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री का वितरण करने के साथ उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। उधर, वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने वाराणसी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। बाढ़ राहत शिविरों में राहत सामग्री का वितरण कर श्री खन्ना ने उन्हें सरकार की ओर से हर सम्भव सहयोग का भरोसा दिया। समाचार कक्ष से मैं रीतेश।***

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**********

पवित्र सावन माह के अन्तिम सोमवार पर प्रदेश भर में श्रद्धालु और कावंड़िये आज तड़के से ही ऐतिहासिक मंदिरों तथा शिवालयों में जलाभिषेक कर भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं। वाराणसी में आज बाबा विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया और काशी विश्वनाथ धाम आये श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। सावन के अन्तिम सोमवार पर भगवान राम की नगरी अयोध्या भी शिवमय नजर आयी। यहां श्रद्धालुओं ने सरयू स्नान के बाद नागेश्वरनाथ महादेव का सरयू नदी के जल से अभिषेक किया। प्रदेश भर के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर परिसर में शेषावतार मंदिर के पास पुण्य आत्माओं का एक स्मारक बनाया जाएगा। यह जानकारी श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि यह स्मारक ग्यारह मीटर ऊंचा होगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मिश्र ने बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण के तहत ऑडिटोरियम और म्यूजियम का निर्माण कार्य वर्ष दो हजार छब्बीस तक पूरा होगा, जबकि बाकी निर्माण कार्य दिसम्बर दो हजार पचीस तक पूरे हो जाएंगे।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश भर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के आज निधन होने पर दुख जताया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि श्री सोरेन ने जनजातीय समुदायों, निर्धन और उपेक्षित लोगों के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रयास किए। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर जारी अपने शोक संदेश में कहा है कि स्वर्गीय सोरेन ने जनजातीय समाज के उन्नयन में अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**********

पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने भारत और अमरीका के बीच हाल ही में शुल्क संबंधी घटनाक्रमों के बारे में भ्रामक जानकारी फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स की निंदा की है। एक रिपोर्ट–

***इन अकाउंट्स पर विदेश मंत्रालय और अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के नाम से मनगढ़ंत बयान देने का आरोप है। फैक्ट चेक इकाई ने उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन प्रसारित हो रही गलत सूचनाओं और झूठे प्रचार के झांसे में न आने की चेतावनी दी है। इकाई ने लोगों को ऐसी किसी भी सूचना को साझा करने या उस पर विश्वास करने से पहले हमेशा आधिकारिक स्रोतों से पुष्टि करने की सलाह दी है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

सजायाफ्ता विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को कल गाजीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहां के पुलिस अधीक्षक डॉ इरज राजा ने आज पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उमर अंसारी को फर्जीवाड़े के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उस पर मुख्तार अंसारी की जब्त की गई सम्पत्ति को अवमुक्त कराने के लिए फर्जीवाड़ा करने का आरोप है।

**********